




आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 20 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in




# सनातनी सेवा मंच ने सेवा शिविर लगाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सनातनी सेवा मंच की ओर से सोमवार को श्रावणी पूर्णिमा पर पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार के पास सेवा शिविर लगाया गया। शिविर के माध्यम से शिव भक्तों के बीच दूध, बिल्व पत्र, फूल और प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर संगठन के सेवादारों ने श्रद्धालुओं को सहयोग करने अलावा भीड़ नियंत्रण में भी योगदान किया। सेवा शिविर के आयोजन में विधायक सीपी सिंह, बालमुकुंद सहाय, सत्यनारायण सिंह, रमेश सिंह, मुकेश मुक्ता, मुनचुन राय, ललित ओझा, नीरज पासवान, ओमप्रकाश पांडेय, अशोक मिश्रा, सुनीता देवी, अशोक कुमार हिंदू जागरण मंच के सुजीत सिंह, निशांत यादव, राजाराम महतो, फिरंगी साव, रोहित, अरविंद, शिवेंदु, रूपा, रमेशचंद्र, विनय, ऋषभ समेत अन्य की भागीदारी रही।

## बन्ना, राजेश ठाकुर के बयान पर झामुमो नाराज, कहा-

# कांग्रेस नेताओं को अमर्यादित बयान पर सफाई देनी चाहिए

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पार्टी से नाराज चल रहे मंत्री चंपाई सोरेन पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के बयान पर झामुमो आग बबूला हो गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने बन्ना गुप्ता के बयान की निंदा करते हुए कहा कि चंपाई सोरेन झामुमो परिवार के सम्मानित सदस्य हैं। चंपाई सोरेन पर अमर्यादित टिप्पणी कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपने कोटे के मंत्री बन्ना गुप्ता के अमर्यादित बयान पर सफाई देनी चाहिए। बता दें कि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और राजेश ठाकुर ने चंपाई सोरेन पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि वह विभीषण हैं। बन्ना गुप्ता की तरफ से जारी किये गये एक प्रेस रिलीज में कहा गया कि झारखंड का इतिहास जब भी लिखा जायेगा, चंपाई सोरेन का नाम विभीषण के रूप में दर्ज होगा। कांग्रेस को अमर्यादित बयान पर सफाई देनी चाहिए।

# चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति का हुआ भूमि पूजन

> इस अवसर पर चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह, संस्थापक सदस्य रामानंद ठाकुर, जैनेंद्र प्रसाद सहित सभी पदाधिकारी की उपस्थिति थे



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के अल्बर्ट एक्का चौक के समीप स्थित चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष भी भव्य और आकर्षक दुर्गा उत्सव और पंडाल का निर्माण करेगी। इसी के तहत सोमवार को चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति अपने पूजा पंडाल परिसर के समक्ष झमाझम बारिश के बीच भूमि पूजन किया। इस अवसर पर चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह, संस्थापक सदस्य रामानंद ठाकुर, जैनेंद्र प्रसाद सहित सभी पदाधिकारी की उपस्थिति थे। मौके पर चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि विगत वर्ष से भी आकर्षक और मनोरम दुर्गा उत्सव की प्रस्तुति चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष करेगी। इस कड़ी में जहां एक ओर पूरे पूजा पंडाल का थीम आरंभ भी अंत है पर होगा। वहीं शहर वासियों के बीच मंत्र मुक्त कर देने वाली भजन संध्या और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जायेगा। सांस्कृतिक संध्या की विशेषता होगी कि बिहार के सुप्रसिद्ध गायक भी इस आयोजित सांस्कृतिक संध्या में उपस्थित होकर भजनों की प्रस्तुति देंगे।

# गोल इंस्टीट्यूट ने 27वां स्थापना दिवस मनाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** गोल इंस्टीट्यूट ने सोमवार को संस्थान का 27वां स्थापना दिवस मनाया। संस्थान के रांची, पटना, धनबाद, भिलाई, रायपुर और दिल्ली के गोल के सभी शाखा कार्यालयों में केक काटा गया। बताया कि गोल के छात्रों ने शृंखला बनाकर गोल और 27 वर्ष को दशार्या।

गोल के फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर विपिन सिंह ने कहा कि 1997 में शुरू इंस्टीट्यूट में छात्रों की मेहनत, अभिभावकों का विश्वास और पूरे टीम का अथक प्रयास का रिजल्ट है कि पिछले 27 वर्षों में 17000 से अधिक छात्र, मेडिकल के क्षेत्र में सफलता पाकर देश-विदेश में अच्छे चिकित्सक के रूप में अपना योगदान दे रहे हैं।

# 21 अगस्त को भारत बंदी के समर्थन में सड़क पर उतरेगा राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सुप्रीम कोर्ट के फैसला अनुसूचित जाति जनजाति के आरक्षण में वर्गीकरण करने और क्रीमी लेयर लगाये जाने के विरोध में 21 अगस्त को भारत बंदी का राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा पूर्ण समर्थन कर सड़कों पर उतरेगा। उपरोक्त बातें सोमवार को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहीं। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने जो एससी एसटी के कोटे में कोटा और क्रीमी लेयर लगाने का काम किया है वह संवैधानिक नहीं है। जिसे केंद्र सरकार अध्यादेश लाकर इस मामले को पलटे। साथ में ओबीसी समुदाय में भी क्रिमिनल लगाया गया है उसे भी अभिलंब हटाया जाये और देश में जातीय जनगणना भी करायी जाये, कॉलेजियम सिस्टम को समाप्त कर राष्ट्रीय न्यायिक सेवा आयोग के माध्यम से जजों की नियुक्ति हो। प्रेस वार्ता में प्रदेश सदस्य राजेश कुमार गुप्ता छात्र मोर्चा संयोजक कमलेश चौधरी, शुभम विश्वकर्मा उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### केनरा बैंक की ओर से डॉ आंबेडकर विद्या ज्योति छात्रवृत्ति योजना के तहत कार्यक्रम




रांची (आजाद सिपाही)। केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय हजारीबाग की ओर से डॉ आंबेडकर विद्या ज्योति छात्रवृत्ति योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस छात्रवृत्ति योजना के तहत केनरा बैंक पूरे भारत में 44742 मेधावी अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अधिकारी सुभाष कुमार उपस्थित थे। मौके पर बैंक के सहायक महाप्रबंधक जयकृष्णा लिंगमपल्ली वेंकटा, केनरा बैंक के मंडल प्रबंधक आशीष कुमार वर्मा, घनश्याम यादव मौजूद थे।

### वन विभाग ने क्लाइमेट चेंज पर की गयी कार्रवाई पर मांगा एटीआर

रांची (आजाद सिपाही)। वन और पर्यावरण विभाग ने क्लाइमेट चेंज पर अब तक क्या कार्रवाई की गयी है इसकी रिपोर्ट विभिन्न विभागों से मांगी है। नगर विकास, ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य विभागों से एक्शन टेकेन रिपोर्ट देने को कहा है। भारत सरकार इस संबंध में विस्तृत गाइडलाइन तैयार करा रही है। रिपोर्ट ऑफ कमेटी के परफॉरमेंस ऑफ द तक नेशनल एक्शन प्लान ऑन क्लाइमेट चेंज पर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इस संबंध में लोकसभा सचिवालय की ओर भी राज्य सरकारों को पत्र लिखा गया है। वायु प्रदूषण रोकने के लिए क्या उपाय किये गये हैं इसकी विस्तृत जानकारी इसमें दी जायेगी। राज्यों से जानकारी मिलने के बाद भारत सरकार से अलग से राशि भी ग्रांट की जायेगी। वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए भी काम किया जायेगा। जल निकाय, पुनर्जीवन, वृक्षारोपण, परिवहन, नागरिक सुविधा से जुड़े कार्य किये जाने हैं।

### रांची के होटल एवीएन प्लाजा में जांच के लिए पहुंची बंगाल पुलिस

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी के एक होटल में जांच करने के लिए पश्चिम बंगाल की पुलिस सोमवार को पहुंची। यह मामला चुटिया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित होटल एवीएन प्लाजा का है, जहां बंगाल के पुरुलिया जिले की पुलिस जांच के लिए पहुंची। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, कुछ दिन पहले पुरुलिया जिले के बागमुंडी थाना क्षेत्र की रहनेवाली एक लड़की अपने प्रेमी के साथ इस होटल में आकर रूकी रही थी। इसके बाद उस लड़की ने पुरुलिया में जाकर लड़के के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया है। इसी मामले की जांच को लेकर पश्चिम बंगाल की पुलिस रांची पहुंची।

### रांची में सड़क हादसा, बाइक सवार की हालत गंभीर

रांची (आजाद सिपाही)। आईटीबीपी रिंग रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, जहां एक कार और बाइक की सीधी टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार लड़के को गंभीर चोटें आई हैं और उसे रिम्स रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार, हादसा इतना जोरदार था कि बाइक सवार लड़का सड़क पर गिर गया और वहीं कार का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार का पता लगा लिया है और ड्राइवर की तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कार का पता मुड़मां का है, जबकि बाइक सवार लड़का पाली गांव का बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपी ड्राइवर को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है। इस हादसे के बाद से स्थानीय लोगों में आक्रोश है और वे सड़क सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# पहाड़ी बाबा की भव्य संध्या महाआरती हुई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** श्रावण मास की आखिरी पांचवी सोमवारी को रांची के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर में भव्य संध्या महाआरती का आयोजन हुआ। मंदिर के मुख्य द्वार के समीप रांची शहर के तमाम धार्मिक और सामाजिक संगठनों के द्वारा सोमवार की संध्या को पहाड़ी बाबा सहित तमाम देवी देवताओं की 501 महिलाओं के द्वारा भव्य संध्या महाआरती की गयी। आयोजक नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि महाआरती के बाद बोल बम के नारों से पूरा पहाड़ी परिसर गुंजायमान हो गया। इसके बाद भक्तों के बीच महाभंडारा का वितरण किया गया। साथ ही तमाम अतिथियों का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, विशिष्ट अतिथि रमेश सिंह, शंकर दुबे, सोमवित माजी थे। संध्या महाआरती में उज्जवल कुमार सिन्हा, रीना सिंह, विनोद सिंह, अमन ठाकुर, बंटी यादव, अनीश कुमार वर्मा, टी के मुखर्जी, अनिल कुमार, नरेश मक्कड़ मिशु, विनय सिंह, लखन कुमार, नीतू सिंह, सुनील यादव, शिल्पी कुमारी वर्मा, सुजल सोनी, सुप्रिया, राजकुमार सिंह, अमूल्य सिंह पिंटू, संध्या देवी, गीता देवी, सविता देवी, राहुल, सुनीता, अविनाश सिंह राजपूत, सत्येंद्र सिंह, दीपमाला वर्मा, कनिष्का, शिवानी, रूपा, सुनैना, रानी, अलिसा सिंह, निशी, मिंटू देवी, रेणु, आदित्य सिंह, मोनू शर्मा, विकास सिंह, हर्ष, विक्रांत सिंह, भव्य कुमार सिन्हा, कैलाशी अरविंद सिंह कौशल, भोला चौधरी, गनीरा देवी, अनमोल सिंह, अरविंद, योगेश, अंकित, अलखनाथ निरंजन, सागर कुमार सिंह सहित अन्य का विशेष योगदान रहा।

# मां निर्मला पॉलिक्लिनिक न्यूरो रिहैब एंड फिजियोथेरेपी सेंटर का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रांची के सुखदेव नगर थाना के समीप मां निर्मला पॉलीक्लीनिक न्यूरो रिहैब एंड फिजियोथेरेपी सेंटर का उद्घाटन हुआ। इस सेंटर का उद्घाटन क्लिनिक के संचालक सह संस्थापक डॉ संजय कुमार ने किया। मौके पर डॉ संजय ने बताया कि यह अपने आप में सबसे अलग क्लिनिक है जिसे लोगों के स्वास्थ्य संबंधित जरूरतों को देख कर बनाया गया है। कई बार ऐसा होता है जब घर के बुजुर्ग का स्वास्थ्य काफी खराब हो जाता है, वे बेड से उठ नहीं पाते। लेकिन घर पर उनकी सेवा करने वाला कोई नही होता। ऐसे में उन लोगों की देखभाल इस अस्पताल में की जायेगी। इसके अलावा क्रिटिकल और लकवाग्रस्त मरीज को भी यहां भर्ती किया जा सकता है। हॉस्पिटल में अत्याधुनिक आईसीयू और मरीज वार्ड तैयार कराया गया। इस सेंटर में सभी सुविधाएं काफी कम खर्च पर उपलब्ध है। साथ ही समय समय और फ्री हेल्थ कैंप भी लगाया जायेगा ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं मिल सके। इस मौके पर दीप्ति चौधरी, प्रियांशु चौधरी, कुमारी दीक्षा, पंकज चौधरी, अजय, राहुल चौधरी, राम चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

# राम कुमार दुबे को भाजपा जिला मंत्री बनाया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी रांची जिला ग्रामीण समिति ने ठाकुर गांव निवासी राम कुमार दुबे को जिला मंत्री बनाया गया। जिलाध्यक्ष विनय कुमार महतो उर्फ धीरज, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश, राज्य सभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू, राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, विधायक समरीलाल ने कहा की राम कुमार दुबे ने सभी मंडल का दौरा कर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो, ठाकुरगांव मंडल अध्यक्ष सुरजन गोडाईत, बुडमू मंडल अध्यक्ष प्रकाश यादव, पिठोरिया मंडल अध्यक्ष गोपाल महतो, रातू पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रमेशवर गोप बधाई दी है।

# 22 से 23 अगस्त तक धुर्वा में 5101 कुंडीय विश्वशांति वैदिक महायज्ञ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विहंगम योग के प्रणेता अनंत सद्गुरू सदाफलदेव जी महाराज की 137वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर 5101 कुंडीय विश्वशांति वैदिक महायज्ञ का आयोजन 22 और 23 अगस्त को रांची के प्रभात तारा धुर्वा मैदान में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 22 अगस्त को सद्गुरू उत्तराधिकारी सुपूज्य संत प्रवर श्री विज्ञानदेव जी महाराज के कर कमलों द्वारा 'अ' अंकित श्वेत ध्वजा फहराकर किया जायेगा। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर के भजन गायकों द्वारा आध्यात्मिक भजनों की भाव प्रवण प्रस्तुति की जायेगी। इसके बाद सुपूज्य संत प्रवर श्री विज्ञानदेव जी महाराज की स्वर्वेद आधारित संगीतमयी दिव्य वाणी होगी। इस बात सुखनंदन सिंह सदय ने बताया कि 23 अगस्त को प्रातः 6 बजे से प्रभात तारा मैदान के सभा मंडप में आसन-प्राणायाम प्रशिक्षण सभा का शुभारंभ सुयोग्य एवं प्रशिक्षित योग शिक्षकों के द्वारा किया जायेगा। स्वास्थ्य चेतना संबंधी विशेष जानकारी भी दी जायेगी।

उन्होंने कहा कि विहंगम योग स्वास्थ्य, सुख और शांति का संगम है। सेवा, सत्संग और साधना की त्रिवेणी विहंगम योग है। विहंगम योग का ध्यान आंतरिक शांति का मार्ग प्रशस्त करता है। आपको बता दें ब्रह्म विद्या विहंगम योग के प्रणेता अध्यात्म मार्तण्ड महर्षि सदाफल देव जी महाराज ने 1 दिसंबर 1924 को वृत्तिकूट आश्रम पकड़ी, बलिया, उत्तर प्रदेश में विहंगम योग संत समाज की स्थापना की थी। इसी परिप्रेक्ष्य में विहंगम योग संत संमाज का 100वें वार्षिकोत्सव स्वर्वेद महामन्दिर परिसर, वाराणसी में विगत 17, 18 दिसंबर 2023 को मनाया गया था, जिसके मुख्य अतिथि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ थे। इस दिव्य और भव्य आयोजन के साथ ही यह 'संत समाज' अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष (2024) में प्रवेश कर गया है। इसी उपलक्ष्य में संस्थान आगामी सात और आठ दिसंबर 2024 को शताब्दी समारोह महोत्सव वाराणसी के स्वर्वेद महामंदिर परिसर में मनाने वाला है। इस अवसर पर संस्थान के ललित सिंह, कमलेश श्रीवास्तव, अखिलेश शर्मा, डॉ अनिल कुमार शर्मा, उपेंद्र मिश्रा, बसंत सिन्हा, जितेंद्र सिन्हा, सचिदानंद शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# कैसे होगा शहरी विकास, सात सालों से निकायों में पद सृजित नहीं

> छह नये नगर पंचायतों, निगमों में भी कर्मियों की कमी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** झारखंड में सात सालों से शहरी नगर निकायों में पदों का सृजन नहीं हुआ है, जबकि इस दौरान छह नयी नगर पंचायतों का गठन भी किया गया है। राज्य में 21 मई 2010 और 22 जून 2017 को अंतिम बार 43 शहरी निकायों के लिए पदों का सृजन किया गया था। इस तिथि के पश्चात अब तक छह नये नगर निकायों हरिहरगंज, बरहरवा, महागामा, डोमचांच, बड़कीसरैया तथा धनवार को नगर पंचायत के रूप में गठित किया गया है। इन नगर निकायों के लिए पदों का सृजन अब तक नहीं होने की वजह से निकायों के कार्य और शहरी विकास की योजनाएं पूरी तरह से प्रभावित हो गयी हैं। पदों की कमी सिर्फ निकाय स्तर पर ही नहीं, बल्कि नगर निगमों में भी है। इस वजह से निगमों की भी स्थिति अच्छी नहीं है। टाउन प्लानिंग का भी काम ठप है।

## पांच नगर निगम में नगर आयुक्त नहीं

राज्य के नगर विकास और आवास विभाग अंतर्गत कुल पांच नगर निगमों गिरिडीह नगर निगम, हजारीबाग नगर निगम, चास नगर निगम, आदित्यपुर नगर निगम और मेदिनीनगर नगर निगम में नगर आयुक्त का पद अब तक सृजित नहीं है। इसके साथ ही दो नगर निगमों गिरिडीह नगर निगम एवं मेदिनीनगर नगर निगम में अपर नगर आयुक्त का पद सृजित नहीं है। इसके अलावा इन दो नगर निगमों में सहायक नगर आयुक्त के सृजित पदों में अन्य निगमों के साथ समरूपता नहीं है। निकायों में पद सृजित नहीं होने की वजह से शहरी विकास की लगभग सभी योजनाएं प्रभावित हैं। योजनाओं की मॉनिटरिगंग से लेकर स्वीकृति इत्यादि संविदा आधारित कर्मियों द्वारा की जा रही है।

**ये पद अब तक सृजित नहीं, बहाली भी नहीं हो सकी :** राज्य में पांच नगर आयुक्त, दो अपर नगर आयुक्त सहित छह स्थानीय नगर निकायों में बड़े पैमाने पर रिक्तियां हैं। नगरपालिका सेवा संवर्ग के तहत पदों का सृजन किया जाना है। इनमें कार्यपालक पदाधिकारी के साथ-साथ सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता और कनीय अभियंता विद्युत, स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर, सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर, सेनेटरी सुपरवाइजर, सहायक राजस्व पदाधिकारी, राजस्व निरीक्षक, निम्नवर्गीय लिपिक, गार्डन अधीक्षक, विधि सहायक, प्रशाखा पदाधिकारी, भू-संपदा पदाधिकारी, टाउन प्लानिंग विंग में सहायक नगर निवेशक, सीएंडी, जीआइएस ऑपरेटर इत्यादि पद हैं, जिनका सृजन नहीं हो पाया है। पद सृजित नहीं होने की वजह से नियमित बहाली नहीं की जा सकी है।

# रांची में जुटे देशभर के 20 माउंट एवरेस्ट पर्वतारोही, अपने अनुभव को साझा किये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के जैप 1 (शौर्य सभागार) के ऑडिटोरियम, डोरंडा में सोमवार को एवरेस्ट सम्मिट 2.0-बियोंड दी माउनटेंस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में देश भर के 20 पर्वतारोही शामिल हुए। इस कार्यक्रम का आयोजन आइडिएट इंस्पायर इग्नाइट फाउंडेशन के संस्थापक निदेशक राजीव गुप्ता ने सीसीएल, साइबर पीस कॉर्प्स, अडाणी पावर, स्वच्छता पुकारे और प्रतिज्ञा के सहयोग से किया। जैमलिंग तेनजिंग, मेजर विनीत, सिद्धार्थ त्रिपाठी, राजीव गुप्ता, आलोक गुप्ता ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्य वक्ता जैमलिंग तेनजिंग ने लोगों के सामने अपना अनुभव साझा किया। शिक्षा पूरी करने के लिए विदेश गये। अपने पिता से तेनजिंग नोर्गे से पहाड़ चढ़ने के लिए प्रेरणा लिया और पहाड़ों की तराई पर चढ़ना शुरू किया। काफी संघर्ष करने के बाद एवरेस्ट की चढ़ाई पूरी की। आज पहाड़ों के बीच अपना जीवन बिता रहे हैं। एवरेस्ट फतह करने वाली विश्व की सबसे छोटी उम्र की महिला है, जो 13 साल और 11 महीने का उम्र में एवरेस्ट पर देश का झंडा फहराया। जीवन का संघर्ष को लोगों के सामने बयां किया। पर्वतारोही के दौरान होने वाली मुश्किलों को किताब में लिख डाली और पूरे जीवन को फिल्म में कैद कर लिया। संगीता एस. बहल एक मिस इंडिया, 1985 की फाइनलिस्ट हैं, जिन्होंने अपने मॉडलिंग करियर के बारे में लोगों से अपने अनुभव साझा किया। उन्होंने लोगों के सामने जीवन का अनुभव को साझा किया। काम्या कार्थिकेयन ने कहा कि सबके अपने-अपने एवरेस्ट हैं; बस एक पैर दूसरे के सामने रखें और आप एक दिन वहां पहुंच जायेंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की अभूतपूर्व सफलता

# मात्र 16 दिन में 41.60 लाख बहनों आवेदन सत्यापित कर बनाया रिकॉर्ड : हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने फेसबुक पर पोस्ट कर जानकारी दी है कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में नित नये रिकॉर्ड बन रहे हैं। अभूतपूर्व सफलता मिल रही है। सोमवार को संध्या 9 बजे तक 44 लाख 30 हजार बहनों का निबंधन पूरा हो गया है। साथ ही 41 लाख 60 हजार बहनों (93.9%) का आवेदन सत्यापित कर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है और यह सब संभव हुआ है मात्र 16 दिनों में, जो देश में एक रिकॉर्ड है। उन्होंने फेसबुक पर लिखा है कि हम अभी रुक नहीं रहे हैं। अभी भी लाखों बहनों को सम्मान योजना से जोड़ना बाकी है। साथ ही 21 अगस्त से



प्रमंडल वार सभी सत्यापित बहनों के खातों में सम्मान राशि जानी शुरू हो जायेगी। अगले माह से हर महीने के 15 तारीख को सम्मान राशि सभी बहनों के खातों में चली जायेगी।

**कुल आवेदन मिले 4430521, स्वीकृत हुए 4159757 ( 93.89 प्रतिशत)**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| BOKARO 267285 (98.35%)/ 271758 | CHATRA 152677 (94.91%)/ 160867 | DEOGHAR 215990 (93.63%)/ 230681 | DHANBAD 275943 (93.56%)/ 294952 | DUMKA 167261 (97.13%)/ 172204 | EAST SINGHBHUM 235661 (95.85%)/ 245866 |
| GARHWA 203588 (92.72%)/ 219571 | GIRIDIH 345797 (94.63%)/ 365432 | GODDA 155477 (90.54%)/ 171713 | GUMLA 128232 (97.00%)/ 132195 | HAZARIBAGH 232038 (93.10%)/ 249238 | JAMTARA 125189 (98.61%)/ 126952 |
| KHUNTI 72958 (97.80%)/ 74597 | KODERMA 93864 (88.29%)/ 106310 | LATEHAR 112945 (97.47%)/ 115876 | LOHARDAGA 75678 (96.54%)/ 78394 | PAKUR 101544 (75.09%)/ 135226 | PALAMU 260136 (93.88%)/ 277093 |
| RAMGARH 108377 (93.16%)/ 116339 | RANCHI 303791 (94.11%)/ 322789 | SAHEBGANJ 139764 (88.85%)/ 157306 | SERAIKELA KHARSAWAN 140626 (94.10%)/ 149437 | SIMDEGA 74219 (95.99%)/ 77322 | WEST SINGHBHUM 170717 (96.14%)/ 177567 |

# रक्षा राज्य मंत्री ने सेना के जवानों और परिजनों को बांधा रक्षा सूत्र

## यह सूत्र देशवासियों की भावनाएं हैं : संजय सेठ



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने सोमवार को नयी दिल्ली में अग्निवीरों, सैनिकों और उनके परिजनों को रक्षा सूत्र बांधा और रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दीं। रक्षा राज्यमंत्री ने सभी जवानों और उनके परिजनों से कुशलक्षेम पूछा। सबके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्षा सूत्र सिर्फ धागा नहीं है। यह देश की भावनाएं हैं, जो हमें एक दूसरे से जोड़कर रखती हैं। सीमाओं की सुरक्षा में सदैव समर्पित रहने वाले जवानों को रक्षा सूत्र इसलिए भी हमने बांधा है कि यह सूत्र उन्हें देश के अगाध प्रेम से अवगत कराये। देशवासियों की भावनाएं इस सूत्र में हैं ताकि हमारे हमारी राष्ट्र की एकता और अखंडता बनी रहे। हम सैनिकों के साथ सदैव खड़े रहें।

# केशव महतो ने खड़गे और राहुल से की मुलाकात

**21 अगस्त को रांची लौटेंगे नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस भवन में ग्रहण करेंगे पदभार**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश इन दिनों दिल्ली में हैं। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सोमवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी मौजूद रहे। वह 21 अगस्त को रांची लौटेंगे। कांग्रेस भवन में आयोजित स्वागत समारोह में नये प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर प्रभार सौंपेंगे। ये कार्यक्रम 21 अगस्त दोपहर डेढ़ बजे से आयोजित होगा। प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी रांची आयेंगे।

# अन्नपूर्णा सेवा में 400 लोगों ने किया भोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित पहाड़ी मंदिर रोड स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा 225 लोगों ने भोजन प्राप्त किया। आज की इस अन्नपूर्णा सेवा स्व श्याम सुंदर सरावगी की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र सुनील सरावगी तथा उनके परिवार के द्वारा प्रायोजित थी। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्थित स्वर्णभूमि अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में 175 लाभुकों ने भोजन प्राप्त किया। दोनों अन्नपूर्णा सेवा मे 400 लोगों ने भोजन किया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा सेवा के संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा की माता अन्नपूर्णा लोगों को इसी प्रकार सेवा करने की प्रेरणा



प्रदान करें और प्रभु की कृपा सदैव सबों के परिवार पर बनी रहे। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलती रहेगी। दोनों अन्नपूर्णा सेवा विगत ढाई वर्षों से प्रतिदिन निरंतर सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। इस अवसर पर- मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, प्रमोद अग्रवाल, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, प्रदीप नारसरिया,मनोज रुइया, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, निर्भय शंकर हरित, सांवरमल बुधिया, संजय सर्राफ,रमेश बंका, सहित कई सदस्य उपस्थित थे। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि दोनों अन्नपूर्णा सेवा स्व. सत्यनारायण नारसरिया एवं स्व. शारदा देवी नारसरिया की स्मृति में एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित है।

# वक्फ बोर्ड का साथ देना मुसलमानों की जिम्मेदारी: मौलाना तहजिबुल

**नवगठित सुन्नी वक्फ बोर्ड के सदस्य हाजी मौलाना सैयद तहबीहुल हसन रिजवी का हुआ भव्य स्वागत**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/हुसैनाबाद।** नवगठित झारखंड सुन्नी वक्फ बोर्ड के सदस्य और दर्जनों संस्थाओं के संरक्षक, जाफरिया मस्जिद रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना अल्हाज सैयद तहजिबुल हसन रिजवी का जपला हुसैनाबाद पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। हुसैनाबाद के लोगों ने बधाई दी और उम्मीद जतायी कि झारखंड में वक्फ बोर्ड के गठन से लोगों में उम्मीद जगी है। नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष गयासुद्दीन के आवास पर डॉ. सैयद नादिर हुसैन की अध्यक्षता में वक्फ संरक्षण को लेकर बैठक हुई। लोगों ने कहा कि केंद्र सरकार की मंशा साफ नहीं है और उसे हथियाने की कोशिश कर रहा है। वे अपने लक्ष्य में सफल नहीं होंगे। क्योंकि यह संपत्ति अल्लाह और उसके रसूल की है। अल्हाज मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने अपने विचार में कहा कि इस समय हम सभी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी वक्फ बोर्ड का साथ देना और वक्फ संपत्ति की रक्षा करें। सरकार हमारी भावनाओं से खेलने की कोशिश कर रही है। हम इसका पुरजोर बचाव करेंगे। जमात-ए-इस्लामी के सदस्य जुबैर साहब ने क्षेत्रीय कमेटी बनाने पर जोर दिया। अमीन खान ने कहा की के अभी किसी नयी संस्था को वक्फ से जोड़ना उचित नहीं है। पुरानी वक्फ जमीनों का संरक्षण इस समय सबसे बड़ी चुनौती है। नादिर हुसैन ने वक्फ के संरक्षण को इस समय की सबसे बड़ी चुनौती बताया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। सोहेल आलम, मुहम्मद खश्तर अहमद, सैयद तकी हुसैन रिजवी मुतवली वक्फ वासला बेगम, मुहम्मद मशकूर, मसरूर अहमद, मुहम्मद अब्बास अंसारी, मुहम्मद जाकिर, अली, अजाज हुसैन, अब्दुल सलाम, शकील, वारिस हुसैन, अहमद, गयासुद्दीन सिद्दीकी, मुहम्मद जुबैर अंसारी , एवं अन्य लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। लोगों ने नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई दी और श्री हफीजुल हसन अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया। मौके पर जुबैर अंसारी, निहाल, शमशाद आलम, मुहम्मद खुर्शीद, रफी खान, सैयद वारिस हुसैन, अब्बास अंसारी, अब्दुल मजीद, क्यामुद्दीन, अब्दुल मनान खान, इसरार अली, इजाज हुसैन, मसरूर अहमद, शब्बीर हुसैन, मशकूर अहमद सहित कई लोग मौजूद थे।

# सांसद महुआ माजी ने किया आइपीसीएस ग्लोबल की 32वीं शाखा का उद्घाटन

**झारखंड, बिहार और ओड़िशा का पहली शाखा जहां रोजगार की कई पाठ्यक्रम होंगे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आइपीसीएस ग्लोबल रांची की 32वीं शाखा का आर काम्प्लेक्स, मेन गेट बिरसा बस स्टैंड के सामने होटल पिकनिक, रांची के पास राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी ने फीता काट कर किया। मौके पर बोलते हुए आइपीसीएस ग्लोबल रांची के संचालक शादाब आलम ने कहा कि पूरे भारत में इसकी 31 शाखा पहले से है, इसके अलावा दुबई सऊदी अरब में भी इसकी कई शाखा है। रांची शाखा झारखंड, बिहार और ओड़िशा में पहला आइपीसीएस ग्लोबल का पहला शाखा है।

उन्होंने कहा हमारे यहां इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन, बिल्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम, डिजिटल मार्केटिंग, एंबेडेड सिस्टम, इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, पाइथन एंड डाटा साइंस, सीसीटीवी एंड सिक्योरिटी सिस्टम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग की पढ़ाई कराई जाती है। उन्होंने कहा कि यहां छात्रों को लाइव ट्रेनिंग की भी सुविधा साथ में कई तरह के सर्टिफिकेट कोर्सेज और फ्लैक्सिबल बैच शेड्यूल बनाया जाता है। जिससे कि यहां पढ़ाई करने वालों छात्रों को सुविधा हो। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में उद्योग जगत में आदमी की कटौती की जायेगी और सारा काम मशीनरी से होगा। इसलिए लोगों को इस तरह की ट्रेनिंग की जरूरत है। यहां से ट्रेड हुए छात्रों के को अलग-अलग कंपनियों की इंटरव्यू कराया जायेगा। जिससे कि उन्हें प्लेसमेंट की सुविधा मिल पाये। राज्यसभा सांसद डाक्टर महुआ माजी ने कहा कि यह रोजगार से जोड़ने वाली है। हमारे लोगों को इससे फायदा उठाना चाहिए। इस मौके पर आइपीसीएस ग्लोबल के डायरेक्टर ओबेदुल्लाह, डायरेक्टर अब्दुल जमाल आइपीसीएस ग्लोबल के टेक्निकल हेड इंडिया राकेश केसी, आरएस अक्षय, मैनेजर आइपीसीएस समेत कई विशिष्ट लोग मौजूद थे।

# देवीदर्शन में श्रावण मास पर महारुद्राभिषेक का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। श्री वैष्णवी शिव राम सेवा संस्थान, गेतलातु द्वारा देवी दर्शन में जनकल्याणार्थ महारुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। महारुद्राभिषेक का आयोजन आचार्य पं. रवि शास्त्रीजी एवं पं. रत्नाकर शर्मा, पं. दयाशंकरपारिख, पं.सत्यानारायण पांडेय, पं. विकास पाठक के नेतृत्व में व स्थानीय पुजारी विष्णु मिश्रा के सहयोग से पूरे हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। आचार्य पं. रवि शास्त्रीजी द्वारा रूद्राभिषेक का आरंभ रूद्रसूत्र द्वारा किया गया। आचार्य ने भक्तों को रूद्राभिषेक की महत्ता के बारे में वर्णन करते हुए कहा कि इस यज्ञ को करने से भक्त को बिमारियों से मुक्ति, दुख दर्द का नाश, खतरों से रक्षा एवं जीवन में प्रसन्नता और सम्पन्नता आती है। साथ ही भक्तों के बीच रूद्राभिषेक की महिमा का व्याख्यान करते हुए बताया कि भगवान भोलेनाथ सरल उपासना से भी प्रसन्न होते हैं लेकिन रूद्राभिषेक उन्हें सबसे ज्यादा प्रिय है। कहा जाता है कि रूद्राभिषेक से शिवजी को प्रसन्न करके आप असंभव को भी संभवकरने की शक्ति पा सकते हैं। अत: आप सही समय पर रूद्राभिषेक करिए और शिव कृपा के भागी बनिये। यजमान के रूप में डॉ. रंजीत कुमार, सपत्नी डॉ. वंदना कुमारी ने इस महायज्ञ की पुणार्हुति की। इस महायज्ञ के सफल संचालन में बिनय कुमार सिंह, राहुल कुमार, कृष्णा महली, महाबीर प्रसाद महतो, राजीव कुमार सिंह, बी एन ठाकुर, उषा सिंह, और देवी-दर्शन एवं बीआइटीटी परिवार के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में अध्यक्ष, डॉरंजीत कुमार सपत्नी डॉ. वंदना कुमारी के द्वारा इस महायज्ञ में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

## कार्यक्रम : पूर्व मध्य रेल में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, उपलब्धियां गिनायीं

# यात्री यातायात से 2641 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जो पिछली अवधि से 14 प्रतिशत अधिक है

**महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने किया ध्वजारोहण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में ध्वजारोहण किया एवं राष्ट्रध्वज को सलामी दी तथा रेल सुरक्षा बल एवं स्काउट्स एंड गाइड के सदस्यों के परेड का निरीक्षण किया । महाप्रबंधक ने रेलकर्मियों, रेल उपयोगकर्ताओं, मीडिया प्रतिनिधियों सहित सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दीं। स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि हमनें सतत विकास एवं



मुस्कान के साथ यात्रियों की सुरक्षित यात्रा की प्रतिबद्धता का निर्वहन करते हुए इस वर्ष जनवरी से जुलाई माह तक कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। इस वर्ष जुलाई माह तक पूर्व मध्य रेल द्वारा 121 मीलियन टन का माल लदान किया है। यह लदान पिछले वर्ष की इसी अवधि में किए गए माल लदान की तुलना में 7.8 प्रतिशत अधिक है। जनवरी से जुलाई माह तक प्रारंभिक आय लगभग 19 हजार करोड़ रुपये रही जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है। जनवरी से जुलाई माह तक माल लदान से प्रारंभिक आय 16 हजार करोड़ रुपये रही जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 09 प्रतिशत अधिक है जबकि यात्री यातायात से लगभग 2641 करोड़ रुपये प्राप्त हुए जो पिछली अवधि की तुलना में लगभग 14 प्रतिशत अधिक है। स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल के 102 स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पादन के 105 स्टॉल कार्यरत हैं जहां स्थानीय हस्तशिल्प एवं अन्य उत्पाद की बिक्री की जा रही है।

आधारभूत संरचनाओं के विकास पर बोलते हुए महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि इस वर्ष जनवरी से जुलाई माह तक 79 किलोमीटर दोहरीकरण, 42 किलोमीटर नयी लाइन तथा 36.5 किलोमीटर आमान परिवर्तन का कार्य पूरा किया जा चुका है । साथ ही 132 रूट किलोमीटर नयी लाइन तथा 223 ट्रैक किलोमीटर दोहरीकरण लाईन एवं यार्ड/साइडिंग का विद्युतीकरण कार्य पूरा किया गया है। यात्री सुविधा पर बोलते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि जनवरी से जुलाई माह तक 20 जोड़ी नयी ट्रेन का परिचालन, 10 जोड़ी ट्रेनों का मार्ग विस्तार एवं 88 जोड़ी ट्रेनों का विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया गया । इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर 2165 कोचों का अस्थायी संयोजन किया गया । जुलाई माह तक 130 समर स्पेशल ट्रेन एवं 11 वन-वे स्पेशल ट्रेनों द्वारा 4370 फेरे लगाए गए । यात्री सुविधा के तहत इस वर्ष 05 स्टेशन पर 08 लिफ्ट का प्रावधान, पटना जं. पर 02 और स्वचलित सीढ़ियां, 11 स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिजए 20 स्टेशनों के प्लेटफॉर्म का उच्चीकरण, 07 प्लेटफॉर्म का विस्तारीकरण एवं 12 स्टेशनों पर कंप्यूटरीकृत उद्घोषणा प्रणाली लगाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक द्वारा रेलवे सुरक्षा बल के 12 जवानों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया । इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी बीके सिंह, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार एवं अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

## अखंड हरिकीर्तन का समापन, भंडारे में एक हजार लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद : जैलेंद्र



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गेतलसूद शिव मंदिर में आयोजित 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन सोमवार को पूणाहुति एवं भंडारा के साथ संपन्न हुआ। इसमें चुटटू, हतवाल, रामदगा सहित कई जगहों से कीर्तन भजन मंडली शामिल हुआ। मुख्य पूजारी ईश्वरचंद्र गोस्वामी ने पूरे विधि विधान से पूजा कराया। वहीं मुख्य संरक्षण सह भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने बताया कि भंडारा में एक हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर उपमुखिया शंकर बैठा, मनोज बैठा, अध्यक्ष हर्ष राज, सचिव राज कुमार बैठा, कोषाध्यक्ष राजीव सिंह, हर्षराज सिंह, रवि चौधरी, अमित चौधरी, बिगेश्वर महतो, अनंत चौधरी, मिकी सिंह, ओंकार महतो, विशू गोस्वामी, टीकू गोस्वामी, उमेश गुप्ता, वीरेन्द्र यादव, आदित्य साहू, शुभम गोस्वामी, सीताराम मुंडा, विकी भारती, प्रीतम भारती आदि उपस्थित थे।

## अशोक मुंडा व राजेंद्र महतो को दोबारा मंडल अध्यक्ष बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा रांची जिला ग्रामीण की ओर से खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा और टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो को दोबारा मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए बधाई दी है। साथ ही रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष विनय कुमार महतो उर्फ धीरज का आभार प्रकट करते हुए निष्पक्ष चयन करने के लिए साधुवाद दिया। आजाद सिपाही से बात करते हुए दोनों ही मंडल के अध्यक्षों ने संयुक्त रुप से कहा कि पार्टी ने हमें दोबारा मंडल का दायित्व सौंपा है। भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को संगठित कर अपने दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करते हुए अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़कर प्रदेश नेतृत्व के निर्देश का पालन करेंगे। साथ ही सबका साथ सबका विकास स्लोगन से प्रेरणा लेकर पार्टी हित में काम करेंगे। वहीं, बधाई देने वालों में प्रतिपक्ष नेता अमर बाउरी, रक्षा राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह, खिजरी मंडल कोषाध्यक्ष समीर राय, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, मीडिया प्रभारी राजेश वर्मा, भाजपा नेता शंकर सिंह मुंडा, गोपाल चौधरी, प्रभाष झा, प्रभुदयाल बड़ाईक, रितेश उरांव, रामअवतार केरकेट्टा, विजेंद्र राय, बिक्कू सिंह, प्रज्ञा भारती, सरोज राय, शिल्पी शालिनी, टाटीसिलवे पूर्व मंडल अध्यक्ष गाजू महतो, सरयुग प्रसाद, अमित कुमार मिश्रा, नूतन पाहन, अरविंद महतो, प्रशांत किशोर, राजन साहू, गिरिधर मिश्रा आदि शामिल थे।

## बेड़ो व नरकोपी में भाजयुमो के जनाक्रोश रैली को सफल बनाने को लेकर हुई बैठक



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** भाजयुमो के तत्वावधान में 23 अगस्त को रांची में होनेवाले जन आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह ने की। जिसमें बतौर प्रभारी सह भाजपा के युवा जिलाध्यक्ष विवेक आनंद ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर इसे सफल बनाने का आह्वान किया। वहीं भाजपा नेता रामनारायण भगत ने कहा कि झारखंड सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में किए वादों को अबतक पूरा नहीं किया। जिससे लोगों में आक्रोश है, जो आंदोलन का कारण बन गया है। इस मौके पर आशीष वर्मा, लापुंग प्रखंड अध्यक्ष हरिमोहन साहू, राजीव रंजन अधिकारी, जगरनाथ भगत, रंथा उरांव, रविंद्र उरांव, आशीष महतो, मनोज सिंह व निधि गुप्ता आदि मौजूद थे। बैठक का संचालन आनंद साहू व धन्यवाद ज्ञापन गणेश महथा ने किया। इधर, नरकोपी मंडल के भैंसादोन मंदिर प्रांगण में इसी मुद्दे को लेकर बैठक हुई। जिसमें मंडल अध्यक्ष तेजु दास, नरकोपी मंडल महामंत्री राजेश कुमार, भाजयुमो प्रकाश साहू, सामवल अंसारी आदि मौजूद थे।

## बेड़ो में हर्षोल्लास के साथ मना रक्षाबंधन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** भाई बहन के प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। त्योहार को लेकर सुबह से ही चहल-पहल दिखी। बहनों ने भाई को तिलक लगया कलाई पर राखी बांध कर मुंह मीठा किया और उनकी लंबी उम्र की कामना की। वहीं, भाइयों ने भी बहनों की रक्षा करने का संकल्प लिया व उन्हें उपहार दिया। रक्षाबंधन को लेकर मिठाई की दुकानों में खासी भीड़ देखी गयी। बच्चे सुबह ही नहा कर नये कपड़े पहन कर राखी बंधवाने के लिए तैयार थे।

## महादानी मंदिर में अखंड हरी कीर्तन का समापन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** महादानी मंदिर में श्रावण माह की अंतिम सोमवारी और राखी पूर्णिमा के उपलक्ष में महादानी सेवा सत्संग समिति के तत्वाधान में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ रविवार को हुआ था। जिसका समापन सोमवार को हुआ। अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ महादानी के मुख्य पुजारी मेघनाथ गिरी ने पुजारी नित्यानंद पाठक वह बासुकीनाथ गिरी के साथ वैदिक मंत्रोचार के बीच शुभारंभ किया था। महादानी के पुजारी मेघनाथ गिरी ने बताया कि रात में भगवान भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार कर महाआरती के बाद भंडारे का वितरण किया गया। इधर अखंड हरिकीर्तन का समापन सोमवार को हवन पूर्णाहूति प्रसाद वितरण के साथ किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महादानी सेवा सत्संग समिति के अध्यक्ष हरकनाथ महतो, देवनाथ सिंह, जगदीश प्रसाद, सुरेंद्र सिंह ईश्वर बड़ाईक, महावीर सिंह, लिबू बड़ाइक, बादल खत्री, सीताराम महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# बारिश के पानी से भरे तालाबनुमा गड्ढे में डूबकर दो बच्चियों की मौत

## देर रात किया गया अंतिम संस्कार, आदिवासी रिति रिवाज से दी गयी विदाई

**बकरी चराने गयी थी बच्चियां, पैर फिसलने से गड्ढे में गिरी थी, एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में गयी जान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**इटकी।** थाना क्षेत्र के मोरो बघिया टोली गांव में बरसात के पानी से भरे गड्ढे में डूब कर दो बच्चियों की मौत हो गई। उनकी पहचान निकिता कुमारी (9) और ज्योति कच्छप (13) के रूप में हुई है। घटना रविवार की शाम पांच बजे की बतायी जा रही है। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और ग्रामीणों की मदद दोनों के शवों को गड्ढे से बाहर निकाला। शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेजना चाह रही थी लेकिन मृतक बचियों के परिजन और ग्रामीणों ने स्वाभाविक मौत का हवाला देते हुए पोस्टमार्टम करवाने से मना कर दिया। वहीं, रात 12 बजे दोनों बच्चियों का स्थानीय मसना में अंतिम संस्कार कर दिया गया। सोमवार को परिजनों ने आदिवासी रिति रिवाज से बच्चियों की कब्र के निकट संस्कार कार्यक्रम किया। जानकारी के मुताबिक निकिता और ज्योति कच्छप रविवार की दोपहर 12 बजे बकरी चराने के लिए नारी टिकरा की ओर गई थी। इसी बीच निकिता का पैर फिसल गया और वह गड्ढे में गिर गई। जिसमें पानी भरा होने के कारण वह डूबने लगी। यह देख ज्योति कच्छप उसे बचाने का प्रयास करने लगी। तभी वह भी गड्ढा की गहराई में चले जाने के कारण डूब गयी और दोनों की मौत हो गयी। इस बीच शाम करीब 4.30 बजे तक जब दोनों घर नहीं लौटी तो परिजन उनकी तलाश में निकले। इसी बीच परिजनों की नजर गड्ढे में दोनों बच्चियों के तैरते शवों पर पड़ी। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मृतक निकिता बघिया टोली के पुनिता उराईन की पुत्री है, जबकि ज्योति कच्छप मंगू उरांव की बेटी थी। ग्रामीणों ने बताया कि नारी टिकरा स्थल पर मोरम उठाव के लिए खुदाई की गई थी जिससे उक्त स्तान पर तालाब की आकार का गड्ढा बन गया है। जिसमें बरसात का पानी जमा होकर भर गया है। जिस कारण घटना हुई।

# रांची जिला ग्रामीण भाजपा की टीम गठित, जिला पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों की सूची जारी

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर रांची ग्रामीण जिलाध्यक्ष विनय कुमार महतो (धीरज महतो) ने जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों की नई सूची जारी की है। जिसके अनुसार जिलाध्यक्ष विनय कुमार महतो (धीरज महतो), उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, प्रभु दयाल बड़ाइक, प्रीतम साहू, मुनी मुंडा, लक्ष्मण साहू, सुधाकर चौबे, जिला महामंत्री नरेंद्र कुमार, अनिल महतो टाईगर, जिला मंत्री रामकुमार दुबे, संजीत सिंह,



चूड़ामणि महतो, माधुरी देवी, अनुपमा देवी, जिला कोषाध्यक्ष लालेश्वर महतो, जिला कार्यालय मंत्री संजीव तिवारी, जिला सह कार्यालय मंत्री कामेश्वर महतो, जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, जिला आईटी सेल संयोजक सुभम चेल एवं जिला सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता बनाए गए। वहीं, मंडल अध्यक्षों में अनगड़ा मंडल से सुनील कुमार महतो, नामकुम अशोक मुंडा, टाटीसिलवे राजेंद्र महतो, सिकिदिरी सोहराई बेदिया, मेसरा महानंद महतो, कांके प्रभात महतो, पिठौरिया गोपाल महतो, ठाकुरगांव सुरजन गोड़ाईत, बुडमू प्रकाश यादव, खलारी अनिल गंझू, ओरमांझी दिलीप मेहता, सिल्ली अंबुज रजक, पतराहातु भागीरथ महतो, सोनाहातू खगेश महतो, बारेंदा पदलोचन महतो, राहे चितरंजन महतो, बुंडू नगर आलोक दास, बुंडू ग्रामीण गुप्तेश्वर प्रसाद, तमाड़ महावीर सोनी, रडगांव कालीचरण मुंडा, रातू पूर्वी परमेश्वर गोप, रातू पश्चिमी सुबोध साहू, नगड़ी जय किशोर महतो, चान्हो विजय महतो, बीजूपाड़ा अरविंद सिंह, मांडर गोपाल उरांव, इटकी राजेश्वर महतो, बेड़ो बाली सिंह, नरकोपी तेजू दास, लापुंग हरिमोहन साहू और टांगरबसली मंडल से पुंजय महतो मनोनीत हुए।

## सड़क दुर्घटना में बालक की हुई मौत पर झालसा ने लिया संज्ञान



**डालसा ने टीम गठित कर पीड़ित परिवार को पहुंचायी सहायता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** बहुबाजार-कांटाटोली मार्ग पर विगत 16 अगस्त को हुए सड़क हादसे में एक बेकाबू कार ने स्कूटी पर सवार मां-बेटे को अपनी चपेट में ले लिया था। जिसमें 11 वर्षीय प्रियांशु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी मां रोमा कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। दुघर्टना से संबंधित खबर विभिन्न अखबारों में प्रकाशित होने के बाद रांची झालसा ने संज्ञान लेते हुए रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार को तुरंत घायल महिला व उनके परिजनों से मिलकर आवश्यक विधिक सहायता प्रदान कराने का निर्देश दिया। जिसके आलोक में न्यायायुक्त सह डालसा अध्यक्ष दिवाकर पांडे ने सचिव को अविलंब टीम गठित कर मृतक के परिवार को विधिक सहायता उपलब्ध कराने का आदेश दिया। डालसा सचिव कमलेश बेहरा, पीएलवी विक्की चौधरी व स्नेहलता दुबे ने मेडिका अस्पताल में मृतक के पिता व परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया एवं केस के अनुसंधानकर्ता को अभियुक्त के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई करने को कहा। विदित हो कि इस घटना को लेकर अभियुक्त के विरूद्ध बीएनएस की धारा 281, 125, 105, 106 के तहत प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है।

## शिविर लगा कर रांची डालसा ने दिव्यांगों का बनवाया सर्टिफिकेट



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झालसा के आदेश पर दिव्यांग बच्चों के लिए 45 दिवसीय विशेष अभियान के तहत रांची डालसा की ओर से विगत दिनों सदर अस्पताल के सिविल सर्जन के सहयोग से संत मिखाईल नेत्रहीन विद्यालय बहुबाजार में दिव्यांग बच्चों का सर्टिफिकेट बनवाने के लिए कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 32 दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर सर्टिफिकेट बनवाने के लिए ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कर मेडिकल जांच की प्रक्रिया पूरी करते हुए सर्टिफिकेट बनाने की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। इस अभियान के तहत नेत्रहीन एवं मुकबधिर विद्यालय हरमू में भी रांची सदर अस्पताल के सहयोग से शिविर लगाकर दिव्यांग बच्चों के लिए सर्टिफिकेट बनवाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया। बतातें चलें कि इस विशेष अभियान के तहत प्रतिदिन रांची सदर अस्पताल में दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाने की प्रक्रिया जारी है। इसके तहत झालसा के तत्वावधान में सदर अस्पताल प्रशासन के सहयोग से 21 अगस्त को एक विशेष कैंप को लेकर रांची जिले के सभी दिव्यांग बच्चों के लिए रजिस्ट्रेशन एवं मेडिकल टीम गठित की गयी है। ताकि अधिक से अधिक दिव्यांग बच्चों को यूडीआईडी सर्टिफिकेट उपलब्ध कराया जा सके और चिकित्सकों की मदद से दिव्यांग बच्चों का उचित ईलाज भी कराया जा सके।

## सावन की अंतिम सोमवारी को भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक के लिए उमड़ी भीड़

# पर्यटन के साथ ही धार्मिक स्थलों के लिए भी ओरमांझी की अलग पहचान : आदित्य साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के गगारी धाम और उलातू के महा कालेश्वर धाम में सोमवार को श्रावण मेले का आयोजन किया गया। सावन माह की अंतिम सोमवारी, पूर्णिमा और रक्षा बंधन एक साथ पड़ने के कारण इन दोनों धामों में सुबह से ही भगवान भोलेनाथ के शिव लिंग पर जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। वहीं, दोपहर बाद मेला देखने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। ओरमांझी के इन दोनों धामों में भाजपा के कर्मवीर सिंह,



राज्यसभा सांसद सह भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रो आदित्य प्रसाद साहू, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, मानकी राजेंद्र शाही और अमर नाथ चौधरी ने मेला का विधिवत उद्घाटन किया। राज्यसभा सांसद ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा से ही संसार गतिमान है। बताया कि ओरमांझी पर्यटन के साथ ही धर्म स्थल के रूप में भी अपनी अलग पहचान बना रहा है। वहीं, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा संसार के सभी भक्तों पर बनी रहे। वहीं, दोनों धामों में भक्तों के लिए नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो देर शाम तक भक्तों को नाचने, गाने और झूमने पर मजबूर कर रहे थे। मेला के आयोजन में दिलीप मेहता, सोना राम मुंडा, अजीत मेहता, सुरेश मेहता, राजेश गुप्ता, अलख नाथ महतो, शशि मेहता, राज किशोर साहु, अजीत कुमार, गणेश महतो, नीरज पांडे, अरुण मंडल, नीरज कुमार पांडेय, धनेस्वर बेदिया, राजेंद्र बेदिया, दीपेश बेदिया, धन राज बेदिया, जितेंद्र बेदिया, राहुल महतो, बिनोद बेदिया, गोवर्धन बेदिया आदि का विशेष योगदान रहा।

## खेल हमारे जीवन का है अभिन्न अंग: सन्नी टोप्पो



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के पुरियो मैदान में रक्षाबंधन के अवसर पर आदर्श युवा विकास क्लब के तत्वावधान में आयोजित 30वां प्राईज मनी फुटबॉल प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हो गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मांडरके लोकप्रिय युवा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो भी उपस्थित थे। उन्होंने फाइनल मैच का शुभारंभ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व बॉल को किक मार कर किया। फाइनल मुकाबले में नव प्रथम मध्य विद्यालय डुरू की टीम को 1-0 से हराकर बेचन ब्रदर्स पुरियो विजेता बना। सन्नी टोप्पो ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेल हमेशा अनुशासन के साथ खेलना चाहिए, तभी हम आदर्श खिलाड़ी के रूप में उभर कर आगे आ सकते हैं। प्रत्येक खिलाड़ी की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, उसी भूमिका के आधार पर वह कुद को साबित कर अपनी टीम को जीत की ओर अग्रसर करता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन से प्रतिभावान खिलाड़ियों को एक मंच मिलता है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलते हुए अपने राज्य का नाम रोशन करने की सीख दी। साथ ही खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वसन दिया। मौके पर पुरियो के मुखिया नीरज कुजूर, रजनी उरांव, पूर्व मुखिया कुबा पहान, शैलबाला तिर्की, 21 पड़हा राजा महादेव कुजूर, उप मुखिया विजय उरांव, ग्राम प्रधान जयराम उरांव, पहान रोपना पहान, गणेश पहान, विश्वनाथ पहान, सुखदेव उरांव, अर्जुन उरांव, सूरज उरांव, अध्यक्ष अजय उरांव, कोषाध्यक्ष प्रमोद उरांव, सचिव रोहित उरांव, संरक्षक सूरज उरांव, मंगरा उरांव आदि उपस्थित थे।

## सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण गोलबंद

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बरवादाग पंचायत अंतर्गत रांची-पुरूलिया पक्की सड़क से चुंदरी फॉल तक करीब 7 किमी पथ की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। इस पथ पर आवागमन खतरे से खाली नहीं है। जर्जर पथ के कारण पर्यटक चाहते हुए भी चुंदरी फॉल नहीं पहुंच पाते हैं। ग्रामीण कहते हैं कि रास्ता खराब रहने की वजह से फॉल का विकास नहीं हो पा रहा है। अब इस अति जर्जर कच्ची सड़क के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण गोलबंद होने लगे हैं। गत दिनों इस मुद्दे को लेकर समाजसेवी बुधराम बेदिया के नेतृत्व में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। जिसमें उपस्थित सभी ग्रामीणों ने राज्य सरकार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से यथाशीघ्र इस सड़क का पक्कीकरण कराने की मांग की। मौके पर ग्राम प्रधान राजेश बेदिया, रसोराज बेदिया, रंभा देवी, उर्मिला देवी, सोमरा उरांव आदि मौजूद थे।

## रातू-नगड़ी में हर्षोल्लास के साथ मना रक्षाबंधन

**रातू/नगड़ी (आजाद सिपाही)।** रक्षाबंधन का त्योहार सोमवार को रातू और नगड़ी प्रखंड के विभिन्न जगहों में धूमधाम सले मनाया गया। बहन-भाई के प्यार के प्रतीक इस त्योहार को लेकर घर-घर मे व्यापक तैयारियां की गई। दोपहर दो बजे के बाद बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर सुख-दुख में साथ निभाने का वचन लिया। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाना का वादा किया।पूरे दिन रक्षा बंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं, नगड़ी प्रखंड के एड़ चोरो, नारो, देवरी साहेर, सपारोम, चिपरा, बलालोंग, उतरी टुंडूल, दक्षिणी टुंडूल कुदलोंग और लालगुटवा आदि ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक हर्षोल्लास एवं धूमधाम से रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों की विधिवत पूजा करने के बाद उनकी कलाइयों पर राखी बांधी। बदले में भाइयों ने अपनी बहनों को उनकी रक्षा करने का वचन व बहुमूल्य उपहार दिया। वहीं, सावन की अंतिम सोमवारी और रक्षाबंधन को लेकर प्रातः काल से ही स्थानीय शिवालयों भक्तों की काफी भीड़ उमड़ी। नगड़ी स्थित स्वर्ण रेखा नदी के उद्गम स्थल रानीचुआं के समीप पांडेश्वर धाम में क्षेत्र के शिवभक्तों पहुंचकर जल अर्पण कर पूजा किया।

## राजाडेरा में निकली कलश सह कांवर यात्रा शामिल हुए पूर्व विधायक रामकुमार पाहन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** श्रावण मास की अंतिम सोमवारी को राजाडेरा में कलश सह कांवर यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों महिलाएं शामिल हुईं। यह यात्रा शिव मंदिर से शूरू होकर चंमघटी नदी तक गई जहां कलश जल ग्रहण करने के उपरांत यह यात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंची। इसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामकुमार पाहन शामिल हुए। उन्होंने बोल बम का जयकारा लगाते हुए शिव भक्तों का अभिनन्दन किया। मौके पर राजेंद्र महतो, राजकिशोर प्रमाणिक, लोकनाथ महतो, सोनू महतो, बलेश सिंह, पंडित राजेन्द्र जी, घुमेश्वर सिंह, राजेन्द्र महतो, सुरेश सिंह, राजेश मिश्रा, राकेश महतो, लक्ष्मी देवी आदि उपस्थित थे।

## एटीएम कार्ड बदल कर लाखों की धोखाधड़ी

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** दलादिली ओपी क्षेत्र में दो अज्ञात युवकों ने एटीएम कार्ड बदलकर एक युवक से एक लाख रुपये निकाल लिए। इस बाबत पीड़ित लालगुटवा निवासी युवक कृष्णा महतो ने थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। उसने बताया कि सोमवार की दोपहर दो बजे रक्षाबंधन के दिन कटहरमोड़ स्थित पीएनबी बैंक के एटीएम में पैसा निकालने पहुंचा था। अपने एटीएम कार्ड को एटीएम बॉक्स में डालकर पैसा निकालने का प्रयास किया, लेकिन नहीं निकाल सका। तभी दो युवक वहां पहुंचे और उससे बात करने लगे। इस बीच मदद करने की बात कहकर उससे एटीएम कार्ड ले लिया और धोखे से पीन कोड भी ले लिया। इसके बाद उसका कार्ड बदल दिया। इसके ठीक 10 मिनट के बाद उसके मोबाइल फोन पर 10 बार में 10-10 हजार रुपये निकाले जाने का एसएमएस आया। तब उसे एहसास हुआ कि उसके साथ दोनों अज्ञात युवकों ने धोखाधड़ी की गई है. इसके बाद कृष्णा महतो ने दलादिल्ली ओपी में पहुंचकर अज्ञात युवकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं, पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गयी है।

